

अध्यक्ष हेनरी बी. आइरिंग द्वारा
प्रथम अध्यक्षता में प्रथम सलाहकार

विश्वसनीय मित्र

उद्धारकर्ता के दिए महान सम्मानों में से एक है उसका हमें अपना ''मित्र'' कहना । हम हमें जानते हैं कि वह अपने स्वर्गीय पिता के सभी बच्चों से संपूर्ण प्रेम करता है । फिर भी जो उसके साथ अपनी सेवा में विश्वसनीय रहते हैं, उन्हें वह यह विशेष सम्मान देता है । आपको सिद्धान्त और अनुबन्ध के 84 वें अनुच्छेद के शब्द याद होंगे जहां प्रभु हम से कहता है कि मेरे मित्रों, अब से मैं तुम्हें अपने मित्र कहकर बुलाऊंगा, यह उचित होगा कि मैं तुम्हें यह आज्ञा दूं, कि जब मैं अन्य लोगों के बीच अपने अधिकार से सुमाचार का प्रचार करता हूं तुम मेरे मित्र बनकर मेरे साथ रहो (देखें सि. और अनु. (84:77) ।

हम उसके मित्र बन जाते हैं जब हम उसके लिए दूसरों की सेवा करते हैं । वह एक संपूर्ण उदाहरण है कि हमें किस प्रकार का मित्र बनना है । वह अपने स्वर्गीय पिता के बच्चों के लिए सिर्फ उत्तम बातें ही चाहता है । उनकी खुशी ही उसकी खुशी है । उनके दुख को वह अपना दुख समझता है क्योंकि उसने उनके सभी पापों की कीमत चुका दी है, अपने ऊपर उसने उनकी सभी कमजोरियों को ले लिया है, उनके सभी कष्टों को उठा लिया है, और उनकी इच्छाओं को महसूस किया है । उसका उद्देश्य निष्कपट है । वह अपनी प्रशंसा नहीं चाहता है अपितु वह सारी महिमा अपने स्वर्गीय पिता को देता है । दूसरों को खुशी देने में संपूर्ण मित्र, यीशु मसीह, बिलकुल निस्वार्थी है ।

हम में से हर एक ने जिसने बपत्तिस्मा अनुबंध बनाया है, उसके उदाहरण की नकल करते हुए एक दूसरे की परेशानियों को उठाने का वादा किया है (देखें मुसायाह 18:8) ।

अगले कुछ दिनों में आपको उसका मित्र बनने के कई अवसर मिलेंगे । ऐसा तब हो सकता है जब आप धूलभरी सड़क पर चल रहें हों । ऐसा तब हो सकता है जब आप मेट्रो या बस में बैठे हों । ऐसा तब हो सकता है जब आप गिरजे में बैठने का स्थान खोज रहे हों । यदि आप ध्यान दें, आप किसी को भारी बोझ उठाए देखेंगे । यह शायद दुख या अकेलेपन या नफरत का बोझ हो सकता है । यह आपको तभी दिखाई देगा जब आपने अपने हृदयों के भीतर देखने वाली आत्मा के लिए प्रार्थना और निराश लोगों की मदद करने का वादा किया हो ।

आपकी प्रार्थना का उत्तर किसी पुराने मित्र का चेहरा हो सकता है, जिसे आपने बरसों से नहीं देखा है लेकिन उसकी याद अचानक आपके मन और हृदय में आ गई है और ऐसा लगने लगा है कि जैसे वे आपके अपने हैं । मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ था । पुराने मित्र बहुत दूर से और बरसों के बाद मुझे मदद देने पहुंचे थे, ऐसा तभी संभव हुआ होगा जब परमेश्वर ने मेरे बोझ के बारे में उन्हें बताया होगा ।

परमेश्वर के जीवित भविष्यवक्ताओं ने हमें उनके विश्वसनीय मित्र बनने के लिए कहा है जो गिरजे में सदस्य बनते हैं और उनको बचाने के लिए कहा है जो गिरजा छोड़कर चले गए हैं । हम मित्र बन सकते हैं और हम मित्र बनेंगे यदि हम सदा उद्धारकर्ता को याद रखते हैं । जब हम मदद करने के लिए आगे बढ़ते और बोझ को उठाते हैं, वह हमारे साथ होता है । वह हमें जरुरतमंदों के पास ले जाता है । वह हमें उनके अनुभवों को महसूस करने की आशीष देता है । जब हम उनकी मदद करने के अपने प्रयासों में कायम रहते हैं, हमें उनके लिए उसके प्रेम को अनुभव करने का उपहार मिलता जाता है । यह हमें विश्वसनीयता से बार- बार मदद करने का उत्साह और शक्ति देगा ।

और, अब और सदा के लिए, हम उसके विश्वसनीय मित्रों के समूह में सम्मान पाने का आनंद प्राप्त करते रहेंगे । मैं इस आशीष की प्रार्थना हम सबों के लिए और जिनकी हम सेवा करते हैं उनके लिए, करता हूं ।

इस संदेश से शिक्षा

परिवार के सदस्य अधिक मन लगाकर चर्चा में हिस्सा लेते हैं जब उन्हें धर्मशास्त्रों और भविष्यवक्ता के वचनों में से पढ़ने के लिए कहा जाता है (देखें *Teaching, No Greater Call* [1999], 55) । जब आप लेख पढ़ते हैं, परिवार के सदस्यों से उन सिद्धन्तों को बताने के लिए कहें जो उन्हें प्रभु का मित्र कहलाने के योग्य बनाते हैं ।

Teaching, No Greater Call में लिखा है: ''यदि आपके पास मसीह समान प्रेम है, तो आप सुसमाचार की शिक्षा बेहतर ढंग से दे सकते हैं । उद्धारकर्ता को जानने और उसकी

नकल करने में आप दूसरों की मदद करने के लिए प्रेरित होंगे'' (12) । लेख में से उन सिद्धान्तों की पहचान करें जो बेहतर घर का शिक्षक बनने में आपकी मदद कर सकते हैं । इनकी चर्चा अपने साथी के साथ करें, और प्रार्थनापूर्वक विचार करें कि जिनकी आप सेवा करते हैं कैसे उनके ''विश्वसनीय मित्र'' बनें ।

युवा

नया व्यक्ति

मैथ्यू ओकाबे द्वारा

मुझे मेलजोल बनाने में कठिनाई हो रही थी । मेरा परिवार कुछ दिन पहले ही देश के दूसरे कोने से यहां आया था । जिस वार्ड में हम आए थे वहां बहुत बड़ा युवा दल था, लेकिन यह पहली बार था जब मैंने ''नया व्यक्ति' होना अनुभव किया था । सबसे बड़ी परेशानी की बात यह थी कि मुझे नये विद्यालय में जाना था, और तुरंत मेरे मन में विचार आया, ''मैं किस के साथ बैठ कर लंच करूंगा ?'' हो सकता मुझे गिरजे का कोई सदस्य मिल जाए, क्योंकि मैं ऐसे ही जाकर किसी की मेज में नहीं बैठना चाहता था, विशेषकर जब मुझे यह भी पता नहीं था कि वे मुझे अपने साथ बैठाना भी चाहते हैं या नहीं !

विद्यालय का पहला दिन ऐसा प्रतीत हो रहा था कि जैसे कभी खत्म ही नहीं होगा । अन्ततः लंच की घंटी बजी । जब मैं धीरे से खाने के कमरे में प्रवेश किया, मैंने स्वर्गीय पिता से प्रार्थना की, कि मुझे कोई ऐसा व्यक्ति ढूंढने में मदद करे जिसे मैं जानता था । मैंने चारों ओर नजर घुमाई कि शायद कोई जाना-पहचाना चेहरा दिख जाए । लेकिन वहां कोई नहीं था । इसलिए मैं खाने के कमरे के अन्त में लगी मेज पर गया और अकेले अपना लंच खाने लगा ।

उसी दिन बाद में गणित की कक्षा के दौरान, मैंने एक जाना-पहचाना चेहरा देखा । मैंने डेविड को उसी सवेरे धर्मप्रशिक्षालय में देखा था । उसने मुझ से मेरा टाईम-टेबल पुछा और पाया कि उसका और मेरा लंच का समय एक ही था । ''अरे, आज तुमने लंच कहां किया था ?'' उसने पूछा ।

''मैंने कमरे के कोने में बैठकर लंच किया था,'' मैंने जवाब दिया ।

''ठीक है, कल मेरे साथ बैठकर लंच करना,'' उसने कहा ।

मैं प्यार करने वाले स्वर्गीय पिता का आभारी हूं, वो हमारी सारी जरुरतों को जानता है और हमारी सभी प्रार्थनाओं का उत्तर देता है । मैं उस व्यक्ति का भी आभारी था जिसने मेरी तरफ मित्रता का हाथ बढ़ाया था । कभी-कभी निमंत्रण देने जैसी साधारण बात से ही बहुत अंतर पड़ता है ।

बच्चे

यीशु मसीह, हमारा संपूर्ण मित्र

अध्यक्ष आइरिंग ने कहा था कि यीशु हमारा संपूर्ण मित्र है । नीचे कुछ तरीके हैं जिनसे यीशु हमारे लिए अपनी संपूर्ण मित्रता दिखाता है ।

वह हमारे लिए सर्वोत्तम चाहता है ।

हमारी खुशी में उसे खुशी मिलती है ।

हमारे दुखी या परेशान होने पर वह दुखी होता है ।

उसने हमारे पापों के लिए दुख उठाया ताकि हम स्वर्गीय पिता के पास वापस जा सकें ।

यीशु का मित्र बनना

अध्यक्ष आइरिंग ने कहा था कि हम दूसरों के मित्र बनकर यीशु के मित्र बन सकते हैं । इन चार तरीकों के चित्र बनाएं जिन से आप मित्र बन सकते हैं ।

आप किसी दुखी व्यक्ति की मदद कर सकते हैं ।

जिसका कोई मित्र नहीं है आप उसके मित्र बन सकते हैं ।

आप किसी को गिरजाघर आने का निमंत्रण दे सकते हैं ।

आप हमेशा यीशु को याद रख सकते हैं ।

© 2010 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित । भारत में छपी । अंग्रेजी अनुमतिः 6/09 । अनुवाद अनुमतिः 6/09 । *First Presidency Message, July 2010* का अनुवाद । Hindi । 09367 294

परिवारों और घरों को मजबूत करना

इस सामाग्री को पढ़ें, और जैसा उचित हो, उन बहनों के साथ इसकी चर्चा करें जिन से आप भेंट करती हैं । अपनी बहनों को मजबूत करने और सहायता संस्था को अपने जीवन का सक्रिय हिस्सा बनाने में मदद के लिए प्रश्नों का प्रयोग करें ।

धर्मशास्त्रों से: उत्पत्ति 18:19; मुसायाह 4:15; सि. और अनु. 93:40; मूसा 6:55–58

प्रत्येक अवसर पर मजबूती देना

''हम में से प्रत्येक भिन्न-भिन्न पारिवारिक परिस्थितियों में रहते हैं । कुछ परिवारों में माता और पिता बच्चों के साथ रहते हैं । कुछ दंपत्ति के पास कोई बच्चे नहीं होते हैं । गिरजे के बहुत से सदस्य अविवाहित हैं, और कुछ अकेले अभिवावक हैं । अन्य विधवा या विधुर अकेले रह रहे होतें हैं ।

''इससे कोई अंतर नहीं पड़ता कि हमारे परिवार की परिस्थिति कैसी है, हम में से प्रत्येक अपने परिवारों को मजबूत कर सकती हैं या दूसरों को मजबूती देने में मदद कर सकती हैं ।

''[एक बार] मैं अपनी भतीजी और उसके परिवार के घर में ठहरी थी । उस रात बच्चों के सोने से पहले, हमने एक छोटी सी पारिवारिक घरेलु संध्या की और छोटी सी धर्मशास्त्र की कहानी सुनी । उनके पिता ने लेही के परिवार और कैसे उसने अपने बच्चों को शिक्षा दी थी कि वे हमेशा लोहे की छड़ को थामे रहें, जो परमेशवर का वचन है, के बारे में बताया था । लोहे की छड़ को मजबूती से पकड़े रहने से वे सुरक्षित रहेंगे और वे आनंद और सुख की ओर बढ़ते रहेंगे । यदि वे लोहे की छड़ को छोड़ देते हैं, तो उनका नदी के गंदे पानी में डूबने का खतरा था ।

''बच्चों को इसका प्रदर्शन करने के लिए, उनकी मां 'लोहे की छड़' बन गई जिससे उन्हें चिपके रहना था, और उनके पिता ने शैतान की भूमिका की, जो बच्चों को सुरक्षा और सुख से अलग करने का प्रयास कर रहा था । बच्चों को कहानी पसंद आई और सीखा कि लोहे की छड़ को थामे रखना कितना जरूरी है । धर्मशास्त्र की कहानी के बाद पारिवारिक प्रार्थना का समय था । ...

''धर्मशास्त्र, पारिवारिक घरेलु संध्या, और पारिवारिक प्रार्थना हमारे परिवारों को मजबूती देंगे । हमें परिवारों को मजबूत करने के प्रत्येक अवसर का लाभ उठाना चाहिए और सही मार्ग में चलने में एक दूसरे की मदद करनी चाहिए ।''[1]

बारबरा थॉमसन, जनरल सहायता संस्था अध्यक्षता में द्वितीय सलाहकार ।

हमारे इतिहास से

आरंभ से ही परिवारों और घरों को मजबूती देने की जिम्मेदारी सहायता संस्था की रही है । भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने आरंभिक सहायता संस्था सभा में बहनों को सीखाया था, ''जब आप घर जाएं, अपने पति से कभी भी अभद्र या निष्ठुर शब्द न कहें, आज से दया, सहायता, और प्रेम आपके कामों की शोभा बने ।''[2]

1914 में अध्यक्ष जोसफ एफ. स्मिथ ने सहायता संस्था की बहनों से कहा था, ''जहां कहीं भी परिवार के आपसी समझ में लापरवाही या थोड़ी सी भी कमी होती है, ... वहां यह संस्था मौजूद होती है या मदद के लिए निकट रहती है, और स्वाभाविक उपहारों और प्रेरणा से जोकि इस संस्था के गुण हैं, वे उन महत्वपूर्ण कर्तव्यों के संदर्भ में निर्देशों को पूरा करने के लिए तैयार और तत्पर रहती हैं ।''[3]

विवरण

1. बारबरा थॉमसन, ''उसकी बांहें पर्याप्त हैं,'' *लियाहोना,* मई 2009, 84 ।
2. *गिरजाघर के अध्यक्षों की शिक्षाएं: जोसफ स्मिथ* (2007), 482 ।
3. *गिरजाघर के अध्यक्षों की शिक्षाएं: जोसफ एफ. स्मिथ* (1998), 186 ।

हम क्या कर सकती हैं ?

1. परिवारों और घरों को मजबूत बनाने के लिए आप अपनी बहनों के साथ क्या विचार बांटेंगी ? जब आप उनकी व्यक्तिगत परिस्थितियों पर मनन करेंगी, आत्मा आपके मन में विचारों को ला सकती है ।

2. अपने स्वयं के परिवार और घर को बेहतर मजबूती देने के लिए आप किन प्रमुखताओं को बदल सकती हैं ?

अधिक सूचना के लिए,
www.reliefsociety.lds.org पर जाएं ।

© 2010 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित । भारत में छपी । अंग्रेजी अनुमतिः 6/09 । अनुवाद अनुमतिः 6/09 । *First Presidency Message, July 2010* का अनुवाद । Hindi । 09367 294